हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026

11 श्रीमद्भगवद्गीता जीवन को सही दिशा प्रदान करने ...



12 सोमनाथ मंदिर भारत की संस्कृति व स्वाभिमान ...



## नपा कर्मचारी संघ ने 14 तक बढ़ाई हड़ताल, राज्य कमेटी के निर्णय पर अगली कार्रवाई

# शहर में 1000 टन से ऊपर कूड़ा जमा दुर्गंध और बदबू में जी रहे शहरवासी

- *गंदगी देख शहरवासी दंग, व्यवस्था से तंग, शहर की सुंदरता हुई बेरंग*
- *सात दिन से डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से टिप्पर व ट्रैक्टर ट्रॉली नहीं उठा रहे कूड़ा*
- *सरकार मांगें नहीं मानती तो सफाई अव्यवस्था प्रदेश के लिए बन सकती है बड़ी स्वास्थ्य आपदाः दानव*





भिवानी। टिबड़ेवाला सभागार के सामने लगा गंदगी का ढेर और नगर परिषद के बाहर हड़ताली सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को 11वें दिन में प्रवेश कर गई और राज्य कमेटी ने हड़ताल को 14 मई तक बढ़ा दिया हैं। हड़ताल के कारण शहर में लगभग 1000 टन से ऊपर कूड़ा जमा हो गया हैं, जिसकी दुर्गंध एवं बदबू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया हैं। इसके साथ ही शहरवासी गंदगी के पहाड़ से ढेरों को देखकर दंग हैं और बुरी तरह से तंग हैं कि आखिर कैसे गंदगी से निजात मिले, क्योंकि गंदगी ने शहर की सुंदरता को बेरंग कर दिया हैं। अब तो शहर में हर कदम पर कूड़े का बड़ा पहाड़ ही दिखाई देता हैं।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 14 मई तक बढ़ा दी हैं, जिसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था सिर्फ रामभरोसे हो गई हैं। पांच मई से डोर-टू-डोर व कचरा प्वाइंटों से कूड़ा उठान बंद हैं और अब सात दिन में शहर में लगभग 1000 टन से ऊपर कूड़ा जमा हैं, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं हैं, जिसकी दुर्गंध एवं बदबू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया हैं। शहर में गंदगी के बड़े बड़े पहाड़ से ढेर दिखाई देते हैं, जो शहर के सौंदर्यीकरण को ग्रहण लगा रहे हैं, वहीं शहरवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और उन्हें महामारी फैलने का भय सता रहा हैं।

### आबादी एवं क्षेत्रफल बढ़ा कर्मचारी घटेः दानव

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा कि पिछले 40 वर्षों में शहरों की आबादी एवं क्षेत्रफल कई गुना बढ़ा हैं, लेकिन पदों की संख्या ज्यों की त्यों है। उन्होंने पक्की भर्ती, नियमितीकरण, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये, समान सुविधा, पुरानी पेंशन बहाली, शहीद अगिनशमन कर्मचारी रणवीर व भवीचन्द के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, 8 अप्रैल से हड़ताल पर चल रहे फायर ब्रिगेड कर्मियों की सभी मांगें पूरी करने की मांग उठाई। दानव ने आरोप लगाया कि सरकार ने ठेकाप्रथा खत्म करने का वादा किया था, लेकिन हरियाणा कौशल रोजगार निगम बनाकर कर्मचारियों के साथ ऐतिहासिक छल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए तो सफाई व्यवस्था का ये संकट प्रदेश के लिए बड़ी स्वास्थ्य आपदा बन सकता है।

### समर्थन पत्र सौंपा

सोमवार को धरने को कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल, अनिल ठेकेदार, विरेंद्र बापोड़ा, शिवकुमार बोस, जयभगवान व महेंद्र यादव ने कांग्रेस तथा मदनलाल जूसवाला व अवतार सांगवान ने जजपा, अनिल बागड़ी, नरेंद्र शर्मा, प्रवीन, राजकुमार चांगिया, रविंद्र व गुरवचन सिंह ने पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की तरफ से समर्थन पत्र सौंपा। हड़ताल एवं धरने में संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव, जयहिंद, नरेश, प्रवीण, रमेश, मालती, बाला, मनीषा, अमित, भारत, रमेश कांडा, प्रीतम, राकेश, राजबीर, जोनी, कर्मफल, सुरेंद्र, भतेरी, रवि, नीलम, आशा, शीला, सुमित्रा, मुकेश, सुभाष, बिल्लू आदि मौजूद रहे।

### शहर कूड़े के ढेरों में तब्दील, सरकार हठधर्मिता छोड़ने को तैयार नहीं : गुलिया

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि 11 दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर कूड़े के ढेरों में तब्दील हो रहे हैं, वहीं सरकार हठधर्मिता छोड़ने को तैयार नहीं है। गुलिया ने कहा कि सरकार को सफाई कर्मचारियों की मांगें पूरी करनी चाहिए,लेकिन सरकार जिद्द पर अड़ी हैं और 11 दिन में एक बार भी सरकार व प्रशासन ने बातचीत के लिए पहल नहीं की हैं। कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के हक की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने सरकार की नीतियों को कर्मचारी एवं जनविरोधी करार दिया।



बवानीखेड़ा। नगर पालिका कार्यालय एवं वीके फोटोस्टेट के समीप लगे गंदगी के ढेर।

## सफाई व्यवस्था बेपटरी जगह जगह लगे गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में नगर के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। हड़ताल के कारण मुख्य बाजारों, वार्डों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जगह-जगह फैली गंदगी से बदबू का माहौल बना हुआ है और लोगों में बीमारियों फैलने की चिंता भी बढ़ने लगी है। एक तरफ जहां नगर पालिका सफाई कर्मचारी जिसमें नियमित,ठेकेदार व अन्य प्रणाली से लगे हुए हैं टैंट लगाकर हड़ताल किए हुए हैं वहीं शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने, वीके फोटोस्टेट के समीप सहित अनेक स्थानों पर गंदगी के ढ़ेर व्याप्त हैं जिससे बीमारियों के पनपने का भय बना हुआ है। बताया जाता है कि सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### बीमारी फैलने का खतरा

शहर के मुख्य बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई नहीं होने से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि आसपास गंदगी जमा होने से ग्राहकों को परेशानी हो रही है। वहीं राहगीरों को भी दुर्गंध के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से शहर की छवि खराब हो रही है और गर्मी के मौसम में गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### मोटर और तार चोरी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**बवानी खेड़ा।** पुलिस ने खेत से मोटर व कॉपर तार चोरी करने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महेश निवासी जाटू लोहारी ने थाना बवानी खेड़ा में खेत से मोटर और तार चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में 10 मई को प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा के मुख्य सिपाही प्रवेश कुमार ने की टीम ने मोटर व तार चोरी करने के मामले में तीसरे आरोपी को बवानी खेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी की पहचान अनुराग निवासी वार्ड -5 बवानी खेड़ा के रूप में हुई है।

### पांच घंटों के लंबे कट के बाद हुए बिजली के दर्शन

**बवानीखेड़ा।** शहर में लगातार लग रहे लंबे बिजली कटों से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सोमवार को भी सुबह 10 बजे बिजली का कट लगने पश्चात लगभग 3 बजे बिजली के दर्शन हुए। हनुमान, सोमबीर, संदीप, महेश कुमार, अनूप, गौरव आदि का कहना है कि बिजली कटों के कारण लोगों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली विभाग के एसडीओ राजेन्द्र कुमार ने जेई से संपर्क करने बारे कहा तो जेई अजय ने बताया कि बिजली में फाल्ट ढूंढने में टीम लगी हुई है।

## पत्नी और सास पर हमला करने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी से डंडा, दरांती व एक ई-रिक्शा बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

थाना सिविल लाइन पुलिस भिवानी ने अपनी पत्नी व सास पर तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

भारत नगर, नई अनाज मंडी हिसार निवासी महिला ने थाना सिविल लाइन पुलिस भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 अप्रैल को वह अपनी मां के साथ सेक्टर-13 भिवानी स्थित अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थी। इसी दौरान उसका पति दीपक वहां आया और उसे अपने साथ चलने के लिए कहने लगा। जब महिला ने उसके साथ जाने से मना किया तो आरोपी गुस्से में आ गया। आरोपी पहले अपने ई-रिक्शा से एक डंडा लेकर आया और अपनी पत्नी सोनिया पर हमला कर दिया। जब उसकी मां ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी वापस ई-रिक्शा में गया और वहां से एक दरांती लेकर आया। आरोपी ने दरांती से पत्नी सोनिया व उसकी मां पर कई वार किए। दोनों घायल महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। महिला की शिकायत पर थाना सिविल लाइन भिवानी में अभियोग दर्ज किया गया। महिला विरुद्ध अपराध में तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उसी दिन आरोपी को सेक्टर-13 भिवानी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

## युवक की हत्या का आरोप, परिजनों ने जताया रोष

- एसएचओ बोले शिकायत प्राप्त नहीं हुई, जांच करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की मां ने अपने बेटे की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का आरोप लगाते हुए रोष जाहिर करते हुए शिकायत पुलिस में देने की बात कहकर न्याय की मांग की है तो वहीं थाना प्रभारी सुरेश ने बताया कि परिजनों की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

बलियाली निवासी बिमला ने बताया कि उसका 32 वर्षीय पुत्र राजवीर घर से चला गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। मृतक की मां ने आरोप लगाया कि उसका बेटा महिला व शादी करवाने वाले दलाल के संपर्क में था। काफी समय बीतने के बाद भी दोनों ने उसके पुत्र का रिश्ता नहीं करवाया गया और उसके बेटे को झूठे आश्वासन देकर अपने संपर्क में रखा गया।

दोनों ने उसके पुत्र को सोमवार को घर लाने का आश्वासन भी दिया था। पुलिस को लोहारी जाटू-सुई मार्ग पर स्थित कुएं से एक शव बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर भिवानी मोर्चरी में रखवाया। बाद में शव की आईडी मिलने पर उसकी पहचान उसके पुत्र राजवीर के रूप में हुई। मृतक की मां ने आरोप लगाया कि महिला व विवाह करवाने वाले व्यक्ति दोनों ने उसके बेटे की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया ताकि पहचान न हो सके। महिला ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। इस बारे में थाना प्रभारी सुरेश ने बताया कि परिजनों ने शव की पहचान कर ली है, पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। अभी उनके पास कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।



बवानीखेड़ा। कुए में मिल शव को लेकर आरोपियों की जांच को लेकर एकत्रित परिजन। फोटो : हरिभूमि

## स्वामी ज्ञानानंद के अवतरण दिवस पर किया पौधरोपण और स्टेशनरी बांटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस पर श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता समिति द्वारा आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को अनाथालय में पौधरोपण एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में बालयोगी महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा तथा अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष नरेश आहुजा ने की।

इस दौरान आम के 11 पौधों का रोपण कर उनके देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। इसके अलावा अनाथायल के बच्चों को पाठ्न सामग्री वितरित कर उन्हे अधिक से अधिक शिक्षित बनने के लिए भी प्रेरित किया। छह दिवसीय कार्यक्रम स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से किए जा रहे है। महंत चरणदास एवं समिति के जिलाध्यक्ष आहुजा ने पर्यावरण व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। 12 मई को सुबह 6 से बजे ओमप्रकाश सरदाना पार्क में चिकित्सा कैंप, नागरिक अस्पताल में सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।



### आंधी-तूफान में गिरे पेड़ों की कटाई से पहले अनुमति लेना जरूरी

**भिवानी।** आंधी-तूफान के चलते खेतों एवं विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पेड़ गिरने के बाद वन विभाग ने आमजन के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उप वन संरक्षक भिवानी डॉ. राजेश वत्स ने बताया कि प्रतिबंधित प्रजातियों के पेड़ों की कटाई या हटाने से पहले वन विभाग की अनुमति लेना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि वन विभाग के अनुसार रोहिड़ा, जांटी, बेरी, सिरस, हिंदोक, शीशम आदि संरक्षित प्रजातियों के पेड़ों को काटने या हटाने के लिए वन मंडल कार्यालय, भिवानी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति/किसान विभाग में आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि सफेदा, पॉपलर, बकैन, बांस, तूत, अमरूद, देसी कीकर, मस्कट आदि कुछ प्रजातियों की कटाई पर कोई प्रतिबंध नहीं है। विभाग ने नागरिकों/किसानों से अपील की है कि किसी भी गिरे हुए पेड़ को हटाने से पहले उसकी प्रजाति की सही पहचान अवश्य कर लें।

## बौंद कला में पुरानी रंजिश को लेकर लेक्चरर की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

बीती देर शाम गांव बौंद कलां निवासी लेक्चरर की बाइक सवार युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक खाना खाने के बाद घर के सामने टहल रहा था।

बौंद कलां निवासी लेक्चरर ललीत खाना खाने के बाद घर के सामने टहल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने ललीत पर गोली चला दी। गोली लगने से ललीत गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर परिजन व पड़ोसी मौके पर पहुंचे और ललीत को अस्पताल दाखिल करवाया। देर रात को ललीत की रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। ललीत पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भूगोल का लेक्चरर था। उन्होंने बताया कि करीब 10 वर्ष पूर्व ललीत का गांव के युवक से झगड़ा हुआ था। मामला लम्बे समय तक कोर्ट में चला था। उक्त युवक ललीत से रंजिश रखता था। आरोपी ने तीन अन्य दोस्तों के साथ मिलकर ललीत की हत्या की साजिश रची और बीती रात उसके कहने पर गांव के ही दो युवकों ने ललीत को गोली मार दी। आरोपियों ने ललीत को गोली मरने के कुछ देर पहले कलानौर में मोबाइल रिपेयर की दुकान संचालक मुकेश को गोली मारी। जो जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।



## हल्की बूंदाबांदी से तीन डिग्री लुढ़का पारा, लोगों को गर्मी से मिला छुटकारा

# पशिचमी विक्षोभ का दिखा असर, मौसम ने बदली करवट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। काली घटाओं व हल्की बूंदाबांदी की वजह से पारे ने तीन डिग्री सेल्सियस तक डुबकी लगाई। पारा लुढ़ककर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

मौसम में आए एकदम बदलाव की वजह से लोगों के गर्मी से छुटकारा मिला। दूसरी तरफ हल्की बूंदाबांदी से खरीफ फसलों में भी फायदा होगा। चूंकि किसानों के खेतों में कपास फसल की सिंचाई की जरूरत थी। वह आज पूरी हो गई। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आसमान में हलकी बादलवाई बनी हुई थी। कुछ देर बाद हवा का झौका आया तो बादलवाई की गहनता बढ चली। करीब आधे घंटे बाद आसमान से पानी बरसने लगा। हालांकि ज्यादा देर तक बारिश नहीं हुई,लेकिन हलकी बारिश ने भी पारे को तीन डिग्री नीचे लुढ़कने पर मजबूर कर दिया। बारिश आने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। क्योंकि पिछले कुछ दिनों से पारा 40 डिग्री सेल्सियस से उपर चल रहा था। आज हलकी बारिश की वजह से पारा 37 डिग्री पर आ पहुंचा। पारा नीचे आते ही लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। उल्लेखनीय है कि मई माह के शुरू से लेकर अब तक कई पश्चिमी विक्षोभ आ चुके है। जिस वजह से पारा उपर नहीं चढ पा रहा है। अगर एक दो बार पारा बढा तो भी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नीचे आ जाता है।



### लोहारू में हल्की बूंदाबांदी से तापमान में आई गिरावट

**लोहारू।** तीन दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच सोमवार को मौसम विभाग की पूर्व सूचना के अनुसार आसमान में बादल छाए रहे और सुबह करीब 10 बजे हल्की बूंदाबांदी भी हुई। आमसन में घनघोर घटाओं और हलकी बूंदाबांदी के बाद दिन के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई तथा लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। सुबह हलकी बूंदाबांदी के दौरान शहर की सडके एक बारगी तो जलमग्न हो गई तथा बाद में दोपहर बाद खिली धूप ने लोगों को एक बार फिर गर्मी का अहसास करवाया।

### कचरे ने रोके नालों का दम

हलकी बारिश से शहर की सड़कों पर पानी बहने लगा। पानी नालों तक पहुंचने में गंदगी के ढेर आगे अड़ गए। क्योंकि पिछले कई दिनों से शहर की सफाई नहीं हो पा रही है। जगह जगह कचरे के ढेर लगे है। जिस वजह से कचरा पानी के साथ बह कर नालों तक पहुंच गया। जिसके चलते पानी आगे बहने की बजाए सड़कों पर चक्कर काटता रहा। दूसरी तरफ कस्बों में भी इसी तरह की स्थिति बनी रही। वहां पर नालों में कचरा जमा होने के चलते पानी की सही ढंग से निकासी नहीं हो पा रही है।

## गांव भारीवास की बेटी निरंजना पूनिया ने जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**तोशाम।** गांव भारीवास निवासी युवा जिम्नास्ट निरंजना पूनिया ने भुवनेश्वर में आयोजित जीएफआई सीनियर नेशनल आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप 2026 में व्यक्तिगत उपकरण बैलेंसिंग बीम श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर अपने गाँव, अपने जिले सहित पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 25 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित की गई थी। गत वर्ष 2025 में भी उन्होंने इसी उपकरण पर जीएफआई नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इस बार स्वर्ण पदक हासिल किया है।



### दादा का सपना पूरा किया...

निरंजना के जीवन और खेल पर उनके स्वर्गीय दादा रघबीर सिंह पूनिया के विचारों और आदर्शों की गहरी छाप है। दादाजी का एक सूत्र वाक्य था ईश्वर पर विश्वास रखो और सही काम करो। निरंजना ने 2018 में फरीदाबाद के सरकारी कोच नवीन सैनी के मार्गदर्शन में जिम्नास्टिक्स की शुरुआत की और वर्ष 2020 से वे नॉर्थ स्टार स्पोर्ट्स अकादमी, सेक्टर 78, में प्रतिदिन लगभग सात घंटे कठोर अभ्यास करती हैं। निरंजना ने अप्रैल 2026 में अपनी कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक भी हासिल किए। निरंजना का गाँवों के अभिभावकों से एक सीधा संदेश है। अपने बच्चों को 5 वर्ष की आयु से ही किसी न किसी खेल से जोड़ें।

हरिभूमि

# सहेली



# बचपन को शीतल छांव देते पारिवारिक मूल्य

विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई

इस बार अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम है- परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण। बाल कल्याण के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश बहुत जरूरी है। इसके लिए जरूरी है, परिवार में पारिवारिक मूल्य हों। इस तरह के स्वस्थ और खुशगवार माहौल में बच्चे अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे, उनका सर्वांगीण विकास होगा।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

छीजते पारिवारिक मूल्य आज एक बड़ी चिंता बन गए हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा नई पीढ़ी को भोगना पड़ रहा है। परिवार के बिखराव ने बच्चों से बड़ों का स्नेह और सहज सुरक्षा की छांव छीन ली है। आपाधापी में गुम अभिभावक और छोटे होते जाते परिवारों के इस दौर में बच्चों की मासूमियत खो रही है। बालमन की मनुहार करने का माहौल कहीं गुम हो गया है। सही मार्गदर्शन देने वाला अपनेपन का परिवेश नहीं बचा है। वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम फैमिली सिस्टम के बदलते पैटर्न और बचपन को सहेजने वाले विषय पर ही केंद्रित है। इस साल का विषय 'फैमिलीज, इनइक्वेलिटी एंड चाइल्ड वेलबीइंग' है। असल में परिवार, असमानता और बच्चों का वेलफेयर आपस में गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में पारिवारिक मूल्य और सामंजस्यपूर्ण परिवेश ही नई पीढ़ी को सही सुरक्षा और संबल दे सकता है।

## पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी सुरक्षा

चाइल्ड वेलबीइंग का सबसे अहम पहलू है- सुरक्षा। बच्चों की हिफाजत के मोर्चे पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। नवजात की देखभाल से लेकर टीन एज के बदलावों भरे पड़ाव तक, अपने आंगन में मिली सुरक्षा की छांव से बढ़कर कुछ नहीं होता। हर परिस्थिति में परिवारजनों से मिला स्नेह अनमोल होता है। तकलीफदेह है कि सुरक्षा का यह साया अब सिमट रहा है। पारिवारिक मूल्य का खत्म होना इसकी सबसे बड़ी वजह है। ध्यान रहे कि परिवार से मिले जीवन मूल्य बच्चों का मन थामने का काम करते हैं। बड़ों के बर्ताव में बच्चों की सेफ्टी से जुड़ा साझा भाव लाते हैं। इस वैल्यू सिस्टम के खत्म होने से बच्चों में अपराध, अकेलापन, अवसाद और आत्महत्या के आंकड़े बढ़े हैं। यह स्थिति समग्र समाज में भयभीत करने वाली है। वहीं दूसरी ओर बहुत से परिवारों में अपने ही बच्चों के मन-जीवन को घाव देने लगे हैं, जिससे अविश्वास का परिवेश बन रहा है। कुल मिलाकर पारिवारिक मूल्यों के फीके पड़ते रंग नई पीढ़ी को असुरक्षा के स्याह घेरे में ला रहे हैं। सामने आने वाली घटनाएं भी बताती हैं कि असमानता को झेलने वाले कमजोर परिवारों में बच्चे अधिक असुरक्षित होते हैं। निम्न आय वर्ग वाले घरों में पैरेंट्स अपने बच्चे की शिक्षा और मूल्यों से पहले रोजी-रोटी के बारे में सोचते हैं। यही वजह है कि चाइल्ड वेलबीइंग के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश भी आवश्यक है।

### मनोबल बढ़ाते पारिवारिक मूल्य

**बाल कल्याण** और विकास के लिए ही नहीं, बच्चों के दिलो-दिमाग को सही दिशा देने के लिए भी पारिवारिक मूल्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। परिवार से मिले संस्कार बच्चों का व्यक्तित्व और विचार दोनों बनाते हैं। पारिवारिक संस्कार न केवल चुनौतियों का सामना करने बल्कि दूसरों की भावनाओं की कद्र करने की संवेदनशीलता भी लाते हैं। इमोशनली स्वस्थ रखते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्ययन के मुताबिक बच्चे हों या वयस्क, परिवार का समर्थन दोनों के भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण फैक्टर है। परिवार ही बच्चों को सोशल स्किल्स सीखाता है। परिवार से मिलने वाले गाइडलाइंस अपने देश से जोड़ने वाली सही समझ पोसते हैं। बच्चों को पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने के साथ आगे बढ़ने के लिए संसाधन भी परिवार ही देता है। फैमिली से मिला साथ-स्नेह और मार्गदर्शन देश के भावी नागरिकों के जीवन को मनोबल की मजबूत बुनियाद देता है। हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट का रिसर्च कहता है कि परिवार के नजदीकी संबंध इंसान को खुशहाल बनाते हैं। फिर नई पीढ़ी के लिए तो परिवार ही पूरा संसार होता है। इस संसार में करीबी अपनों से मिली हर सार्थक सीख जिंदगी को हिम्मत से जीने का बल देती है। नेशनल काउंसिल ऑफ फैमिली रिलेशंस के मुताबिक, 'पारिवारिक मूल्य इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुरक्षा, मार्गदर्शन, स्नेह और समर्थन के स्रोत के रूप में एक आधार प्रदान करते हैं। पारिवारिक मूल्य सिखाकर बच्चों को भविष्य में गलत निर्णय लेने से बचाया जा सकता है।'



## सरोकारी सोच को बल

इंटरनेशनल-डे ऑफ फैमिलीज, परिवार के प्रति प्रेम और समर्पण को रेखांकित करने के साथ ही सामाजिक संरचना में परिवार की भूमिका को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। पारिवारिक मूल्य ही सोशल सिस्टम में परिवार के रोल को महत्वपूर्ण बनाते हैं। देखने में आ रहा है कि पारिवारिक मूल्यों का सिमटना, सरोकारी सोच और समानता के भाव को भी कम कर रहा है। किसी भी स्तर पर असमानता और जिम्मेदार सोच की कमी व्यक्तिगत जीवन ही नहीं, समाज और देश के लिए भी नुकसानदेह है। ऐसे में समाज, देश और स्वयं इंसानों के अस्तित्व को बचाने के लिए भी पारिवारिक मूल्यों को बचाना आवश्यक है। फैमिली सिस्टम में समानता का होना, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर सहजता का परिवेश बनाता है। 'जरनल ऑफ एडोल्सेंस' में छपी रिसर्च के मुताबिक गरीब पृष्ठभूमि वाले परिवार के बच्चों को विशेष मदद की दरकार होती है। ऐसे बच्चे जानकारी जुटाने में भी कमजोर होते हैं। उनमें भावनात्मक और व्यावहारिक परेशानियां अधिक होती हैं। अभावों के बीच पलने वाले बच्चे डिप्रेशन और एंग्जाइटी के ज्यादा शिकार हो सकते हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में सरोकारी समझ पोसने के साथ ही आय, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की इनइक्वेलिटी मिटाने का संदेश देने वाली इस वर्ष की थीम बहुत अहम है। बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए समानता का धरातल बनाते हुए परिवारों को मजबूत सामाजिक और आर्थिक सहायता सिस्टम से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। स्पष्ट है कि पारिवारिक सिस्टम को मजबूती दिए बिना बच्चों को सुरक्षित भविष्य नहीं दिया जा सकता। ऐसे में जिन परिवारों के हालात कमजोर हों, समाज की सरोकारी सोच हर तरह से सहारा दे सकती है।

## चुनौती और चेतावनी

आज के समय में एक ओर पारिवारिक मूल्यों को बचाना चुनौती है तो दूसरी ओर इनसे बढ़ती दूरी एक बड़ी चेतावनी है। इस स्थिति से जूझने के लिए हर परिवार को अवेयर होना होगा। नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों के सिखाने के साथ ही, सामाजिक लेवल पर भी बराबरी और आपसी समझ का परिवेश बनाना होगा। यूं भी अच्छे पारिवारिक मूल्य ही अच्छा समाज बनाते हैं। सशक्त समाज ही मजबूत राष्ट्र बनाता है। आम से लगने वाले ये नैतिक दिशा-निर्देश सदा से ही खास मानवीय भावों को खाद-पानी देते हैं। स्वस्थ जीवन और स्पष्ट-सधी सोच वाले नागरिक बनाते हैं। मौजूदा दौर की अधिकतर समस्याओं का हल फैमिली सिस्टम के जुड़ाव से निकाला जा सकता है।

# मिड एज में दिखेंगी स्मार्ट



अकसर बढ़ती उम्र में महिलाएं सोचने लगती हैं कि अब सजने-संवरने की उम्र बीत गई, अब सजे-संवरे तो लोग क्या कहेंगे? लेकिन आप अगर स्मार्ट लुक मेंटेन करती हैं तो आपकी पर्सनालिटी निखरने के साथ ही आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। इसके लिए क्या करें, जानिए।

जीवनशैली
**प्रतिभा अग्निहोत्री**

अकसर 45-50 की उम्र पार करते ही महिलाएं यह कहते सुनी जाती हैं, 'अरे इस उम्र में क्या सजना-संवरना!' देखा जाए तो उम्र सिर्फ एक नंबर होता है, आप किसी भी उम्र की हों सजना, संवरना, फैशनेबल ड्रेस पहनना न सिर्फ आपका अधिकार है बल्कि आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाने के लिए भी बहुत आवश्यक है। उम्र के हर पड़ाव पर मौसम, फैशन और अवसर के अनुकूल स्टाइल करके आप हर कहीं स्मार्ट-अट्रैक्टिव दिख सकती हैं।

**उम्र को भूल जाएं:** कोई ड्रेस पहनते समय अपनी उम्र को याद रखने की जगह इसे भूल जाएं। जो भी फैशन और स्टाइल करने का आपका मन कर रहा है, उसे बिना हिचक के अपनाएं। लोग क्या कहेंगें की परवाह किए बिना अपने दिल की सुनें, क्योंकि आप चाहे जो भी करें लोगों को तो कुछ न कुछ कहना ही होता है।



**मनमाफिक हो ड्रेस कलर:** मिड एज की महिलाएं आमतौर पर मानती हैं कि इस उम्र में डार्क कलर्ड ड्रेसेस अच्छी नहीं लगती हैं। ऐसी सोच सही नहीं है। आप ब्लैक, नेवी ब्लू, मैरून और डार्क ग्रीन जैसे कलर्स की ड्रेसेस बेफिक्र होकर पहनें। ये आप पर बहुत फबेंगे। ध्यान रखिए कि उम्र का रंग से कोई संबंध नहीं होता। आप हर उस कलर की ड्रेस को पहन सकती हैं, जो आपको पसंद हो और आपकी पर्सनालिटी को आकर्षक बनाए।

**अपने वजन पर रखें कंट्रोल:** उम्र बढ़ने के साथ-साथ अकसर महिलाएं अपने बढ़ते वजन के प्रति भी लापरवाह हो जाती हैं। अपनी डाइट को कंट्रोल में रखने के साथ-साथ प्रतिदिन योगा, वॉकिंग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, जिससे आपका शरीर एक्टिव और वजन नियंत्रण में रहेगा। इससे हर तरह की ड्रेस आप पर सूट करेगी। आप स्मार्ट नजर आएंगी।

**फैशन का रखें ध्यान:** आजकल बड़े ज्योमेट्रिकल, फ्लोरल और पोल्का डॉट्स प्रिंट के साथ-साथ हैवी एंब्रॉयडरी वाले प्रिंट्स वाली ड्रेसेस भी खूब चलन में हैं। आप इनमें से किसी भी प्रिंट के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। आजकल कोर्ड सेट भी फैशन में हैं, इन्हें पहनकर आप फैशनेबल ही नहीं स्टाइलिश भी लगेंगी।

**हेयर स्टाइल से नया लुक:** आउटफिट के साथ-साथ हेयर स्टाइल पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आमतौर पर मिडएज महिलाएं चोटी या जूड़ा बांधना पसंद करती हैं। इसकी जगह खुले बाल या लेयर्ड और शॉर्ट हेयर कट से आप अपने बालों को नया लुक दे सकती हैं। इससे बढ़ी उम्र में भी आप यंग और स्मार्ट लगेंगी। बालों के वॉल्यूम को बढ़ाने के लिए हमेशा अच्छे ब्रांडेड हेयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करें। इससे आपके बाल कमजोर नहीं होंगे और उनकी शाइन बनी रहेगी, जो आपकी बढ़ी उम्र को कम करके दिखाएगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- मेकअप ऐसा करें, जो आपके कॉम्प्लेक्शन को निखारे और आपकी पर्सनालिटी को यंग लुक दे।
- अपने आउटफिट और अवसर के अनुकूल ऑक्सिडाइज्ड, गोल्ड, सिल्वर या एंटीक ज्वेलरी पहन सकती हैं।
- आपके ओवरऑल लुक पर फुटवियर भी अफेक्ट करता है, आप ब्लॉक हील, हाई हील, किटेन हील या फिर स्नीकर्स को पहन सकती हैं।
- मिड एज में भी आप अपनी कोई भी मनपसंद आउटफिट पहन सकती हैं, बशर्ते उसे पहनकर अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें।
- आउटफिट से मैच करता कोई भी स्लिंग या साइड बैग आपकी लुक को यंग टच देगा।

लिविंग रूम घर का एक ऐसा स्थान होता है, जहां पर फैमिली मेंबर्स आराम से बैठकर टाइम स्पेंड करते हैं, रिलैक्स होते हैं। अगर आप चाहती हैं आपका लिविंग रूम, कंफर्टेबल होने के साथ स्टाइलिश भी दिखे तो यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# स्टाइल-कंफर्ट का कॉम्बिनेशन आपका लिविंग रूम दिखेगा अट्रैक्टिव

इंटीरियर
**ललिता गोयल**



अगर घर में सुकून के कोने की बात करें तो वह लिविंग रूम ही होता है। लिविंग रूम किसी भी घर का दिल होता है। यही वह जगह होती है, जहां न केवल आप मेहमानों का स्वागत करती हैं, शाम या फुर्सत के पलों में परिवार के साथ सुकून के पल बिताती हैं। दिन भर की बातों को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। ऐसे में घर के इस खास जगह का इंटीरियर सुकून भरा होना और स्पेशल होना भी जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ आसान तरीके, जिनसे आप अपने लिविंग रूम को बना सकती हैं, स्टाइल और सुकून का परफेक्ट कॉम्बिनेशन।

**कुशन कवर:** लिविंग रूम को हल्के और कंट्रास्ट कलर के अलग-अलग टेक्सचर और पैटर्न वाले कुशन कवर से रिच लुक दें। यह बदलाव पूरे कमरे की वाइब बदल देता है।

**फर्नीचर का प्लेसमेंट:** लिविंग रूम का फर्नीचर ऐसा रखें, जो आपस में कलेक्टेड हो लेकिन यह रूम में चलने-फिरने की जगह को न रोके।

**कलर ऑप्शस:** अगर लिविंग रूम छोटा है, तो व्हाइट, क्रीम या लाइट ग्रे कलर चुनें। इससे कमरा बड़ा और प्यारा दिखता है।

**दीवारें:** खाली दीवारें रूम को बोरिंग बनाती हैं। दीवारों पर पुराने फोटो फ्रेम या प्रिंटेड पोस्टर लगाएं। आप फैमिली फोटो का कोलाज या कुछ बजट-फ्रेंडली पेंटिंग्स से भी डेकोरेट कर सकती हैं। पुरानी कांच की कुछ बोतलों को खुद से पेंट करके इनमें लाइट लगाकर अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**इंडोर प्लांट्स:** ग्रीनरी हमेशा लग्जरी फील देती है। इंडोर प्लांट्स न सिर्फ खाली कोनों को लाइटअप करते हैं, बल्कि हेल्थ के लिए भी बहुत अच्छे होते हैं। इसके लिए इंडोर प्लांट्स जैसे मनी प्लांट, स्नेक प्लांट या एलोवेरा एकदम परफेक्ट रहते हैं। ये न केवल हवा को शुद्ध करते हैं, बल्कि कमरे के खाली कोनों को एक नेचुरल और प्रीमियम लुक भी देते हैं। इंडोर प्लांट्स को पुराने चाइना कप में लगाकर सजाया जा सकता है। अगर जगह कम है, तो आप हैंगिंग पॉट्स का ऑप्शन भी चुन सकती हैं।

**मॉडर्न थीम:** यह थीम उन लोगों के लिए होती है, जो स्टाइल और लग्जरी पसंद करते हैं। इसमें डेकोरेशन का सामान सीधी लाइंस और जियोमेट्रिक आकारों का होता है। रंगों की बात करें तो ब्लैक, व्हाइट, ग्रे और मेटल (गोल्ड या क्रोम) फिनिश कलर्स का अधिक यूज किया जाता है। कम ऊंचाई वाले सोफे और कांच या मार्बल टॉप वाली टेबल्स से रूम को सजाया जाता है। यह थीम देखने में बहुत ही पॉलिश्ड और क्लासी लगती है।

**ट्रेडिशनल-एथनिक थीम:** अगर आपको भारतीय संस्कृति और कला से लगाव है और आप इस थीम से लिविंग रूम डेकोरेट करना चाहती हैं तो नक्काशीदार लकड़ी का फर्नीचर और पीतल के सजावटी सामान से लिविंग रूम को सजाएं। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग का कलर डार्क और वाइब्रेंट जैसे मैरून, यलो, सेफ्रॉन या डार्क ग्रीन रखें। दीवारों पर मधुबनी या वारली पेंटिंग्स, फर्श पर हाथ से बुने कालीन और पारंपरिक दीए से रूम को सजाएं।

**मिनिमलिस्ट थीम:** यह थीम छोटे अपार्टमेंट्स के लिए बेहतरीन है। लिविंग रूम में केवल उतना ही फर्नीचर और सामान रखें, जितनी जरूरत हो। इससे कमरा बहुत खाली और शांत महसूस होता है। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग के लिए व्हाइट, क्रीम और लाइट पेस्टल शेड्स का एक ही कलर चुनें।


**(इंटीरियर डिजाइनर मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# स्किन की करें प्रॉपर केयर फेस रहेगा पिंपल्स-फ्री

स्किन केयर
**निधि गोयल**

आपकी त्वचा साफ-सुथरी और चमकदार तभी नजर आती है, जब आप अपनी त्वचा का ख्याल सही तरीके से रखती हैं। ज्यादातर महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं, जिस कारण उनके चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं। ये मुंहासे फेशियल अपीयरेंस को बिगाड़ देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अपनी त्वचा की देखभाल ऐसे करें, जिससे आपकी त्वचा मुंहासों से बची रहे।

**फेसवॉश से चेहरे को साफ करें:** सबसे जरूरी है कि आप अपने चेहरे को नियमित अच्छी तरह से साफ करें। धूल, मिट्टी चेहरे पर चिपकने के कारण मुंहासे होने की आशंका बढ़ जाती है। आपको दिन में कम से कम दो बार चेहरा अच्छी तरह साफ करना चाहिए। त्वचा के अनुसार ही फेसवॉश का इस्तेमाल करें, क्योंकि सेंसिटिव स्किन पर हर तरह का फेस वॉश सूट नहीं करता है। अपनी त्वचा को ध्यान में रखते हुए फेस वॉश को खरीदें। बार-बार चेहरे को हाथों से छूने से बचें, क्योंकि जब आप चेहरे पर बार-बार हाथ लगाती हैं तो हाथों की गंदगी और बैक्टीरिया चेहरे की त्वचा पर लग जाते है। इससे मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए हाथों को बार-बार चेहरे पर न लगाएं।



**खूब पानी पिएं:** पानी पीना पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। आपको ध्यान रखना चाहिए कि पूरे दिन में आपको आठ से दस गिलास पानी पीना है। इससे आपकी बॉडी डिटॉक्स होती है। साथ ही शरीर में से विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे त्वचा ग्लो करने लगती है और आपको मुंहासों से भी छुटकारा मिलता है। आपका चेहरा चमकदार और साफ नजर आने लगता है।

**लें न्यूट्रीशस डाइट:** अच्छी डाइट लेना हेल्थ के लिए ही नहीं, स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। यदि आप तला-भुना और जंक फूड ज्यादा खाती हैं तो इसका असर आपकी स्किन पर भी दिखने लगता है और आपकी त्वचा पर मुंहासे निकलने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बाहर बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स और जंक फूड्स का सेवन बंद कर दें। घर के बने ताजे, पौष्टिक खाने के अलावा फल और सब्जियों का भी अधिक सेवन करें।

**तकिए का कवर साफ रखें:** अकसर हम रोज जिन चीजों का इस्तेमाल कर रहे होते हैं, वो भी हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। तकिए का कवर भी इनमें से एक है। कवर को दो-तीन दिन के अंतराल पर धो लेना चाहिए, जिससे तकिए के कवर पर जमा गंदगी और तेल आपके चेहरे पर न लग सके, क्योंकि इससे मुंहासे होने का रिस्क कम हो जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

अपनी या किसी अपने की तबियत खराब होने पर जब आप डॉक्टर के पास जाएं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# जब जाएं डॉक्टर के पास रखें इन बातों का ध्यान

सजेशन
**प्रतिभा**

हम सभी को अकसर ही डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। लेकिन कई लोग डॉक्टर के क्लीनिक या हॉस्पिटल जाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान नहीं रखते हैं। इससे डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ को परेशानी हो सकती है, आपके ट्रीटमेंट में असुविधा हो सकती है या आपके अगल-बगल बैठे दूसरे पेशेंट असहज महसूस कर सकते हैं। मिसाल के तौर पर कुछ महिलाएं हॉस्पिटल में भी ओवर मेकअप, एक्सपोजर वाली ड्रेसेस या स्ट्रॉन्ग स्मेल वाले परफ्यूम स्प्रे करके पहुंच जाती हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो वे किसी हॉस्पिटल में नहीं, फैशन शो या फंक्शन में आई हों। इसी तरह कुछ लोग अपनी बीमारी से जुड़े जरूरी कागजात, पुरानी प्रिस्क्रिप्शन या टेस्ट रिपोर्ट या मेडिकल हिस्ट्री लेकर नहीं जाते हैं। या डॉक्टर के पास ले जाना भूल जाते हैं। पर्याप्त जानकारी के अभाव में डॉक्टर को रोग समझने और इलाज शुरू करने में बहुत परेशानी होती है।

**रखें ध्यान:** आप जब भी किसी प्रकार की बीमारी का इलाज करवाने डॉक्टर के पास जाएं तो यहां बताई जा रही इन बातों का ध्यान अवश्य रखें।




- सबसे पहले अपनी मेडिकल फाइल के समस्त कागजों को अपडेट करें और इसे अपने साथ अवश्य ले जाएं, क्योंकि इसके माध्यम से ही डॉक्टर आपकी केस हिस्ट्री जानकर इलाज प्रारंभ कर सकेंगे।
- डॉक्टर के पास जाते समय ड्रेस सलीकेदार पहनें। बहुत टाइट या फैशनेबल ड्रेस पहनने से बचें।
- अगर आपको डेंटल प्रॉब्लम हो तो डेंटिस्ट के पास हमेशा मुंह अच्छी तरह साफ करके जाएं। दांतों के इलाज के दौरान आपको बार-बार पानी से कुल्ला करना पड़ता है, इसलिए अपने साथ एक रूमाल ले जाएं।
- फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाते समय हमेशा लूज ड्रेसेस पहनें। साथ ही क्लोज्ड या हाईनेक गले का कुर्ता या ब्लाउज पहनकर न जाएं क्योंकि ऐसे में आपके कंधे और पीठ पर मशीन लगाने में डॉक्टर को परेशानी हो सकती है। फिजियोथेरेपी के लिए साड़ी पहनकर जाने से भी बचें। यदि आप सलवार-सूट नहीं पहनती हैं तो साड़ी के अंदर लेगिंग्स या पैंट पहनकर जाएं ताकि आप पैर और कमर की एक्सरसाइज के दौरान सहजता से ऊपर उठा सकें।



- गायनी संबंधित प्रॉब्लम होने पर गायनेकोलॉजिस्ट के पास जाने से पहले अपने प्राइवेट पार्ट्स को अच्छी तरह साफ करके और साड़ी पहनकर ही जाएं। इससे डॉक्टर को चेकअप करने में सुगमता रहती ही है।
- पैथोलॉजिकल टेस्ट करवाने जाते समय फुल स्लीव्स की टाइट ड्रेस के बजाय हाफ स्लीव या लूज ड्रेस पहनकर ही जाएं ताकि बांह से सुगमता से ब्लड सैंपल लिया जा सके।
- डॉक्टर के पास कभी-भी हैवी ज्वेलरी पहनकर और मेकअप करके न जाएं।
- एक्स-रे, सीटी स्कैन या एम.आर.आई. करवाने जाते समय किसी भी प्रकार की धातु का गहना, सेफ्टी पिन, हेयर पिन या हेयर बैंड आदि न पहनें।
- डॉक्टर के पास जाने से पहले घर पर शांति से बैठकर अपनी समस्याओं के बारे में अच्छी तरह सोच लें, ताकि आप डॉक्टर को विस्तार से अपनी समस्या के बारे में बता सकें। इसके आधार पर ही डॉक्टर आपका इलाज प्रारंभ कर सकेंगे। डॉक्टर को अपनी समस्या से जुड़ी छोटी से छोटी बात और लक्षण के बारे में जरूर बताएं।

**(जे. पी. हॉस्पिटल, भोपाल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर सुधा अस्थाना से की गई बातचीत पर आधारित)**

# पार्षद और चेयरमैन से संगठनों की गुहार, मध्यस्था के लिए आएं आगे



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ उजड़े हुए परिवार के लोगों को बसाने का दायित्व सबका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व पार्षद एवं अधिवक्ता मीना चौपड़ा, रामकिशन काजल ने संयुक्त रूप से बवानीखेड़ा नगरपालिका के सभी पार्षदों व चेयरमैन से पीड़ितों के पाले में खड़े होने की गुहार लगाई। चूंकि कस्बे के जनप्रतिनिधियों पर उजड़े हुए परिवार के लोगों को बसाने का दायित्व होता है।

अगर पार्षद व चेयरमैन उनकी मदद नहीं करेगा तो उनकी भविष्य में भी पेड़ों के तले ही दिन की दोपहरी व रातें कटेगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी किसी नेता या जनप्रतिनिधि के साथ कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। वे तो समाज के हित में पीड़ितों की मदद कर रहे है। सभी लोगों के सिर पर छत होनी चाहिए। चाहे अमीर हो या गरीब। पीड़ितों की मदद करने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा।

### विधायक के आरोपों को बताया निराधार

पूर्व पार्षद एवं अधिवक्ता मीना चौपड़ा, रामकिशन काजल अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने विधायक द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया और कहा कि उन्होंने हमेशा समाज के मुद्दे उठाए है। अगर विधायक पीड़ितों को अपना परिवार का सदस्य मानता है तो उनके घर गिराने से पहले उनको सिर छिपाने के लिए जगह बतानी चाहिए थी। अगर मकान गिरा दिए है तो अब उनको फिर से आशियान खड़ा करने के लिए जगह बतानी चाहिए। जनप्रतिनिधि होने के नाते उनको पीड़ितों की मदद के लिए उनके पास जाना चाहिए और उनकी दुख व तकलीफ पूछनी चाहिए। अगर विधायक के पीड़ितों की आत्मा से मदद करना चाहता है और उनको अपना मानता है तो आंदोलन का औचित्य ही नहीं बचता।

## बंदियों एवं जेल स्टाफ ने हवन में डाली आहुति

# श्रीमद्भगवद्गीता जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाला ग्रंथ

गीता पाठ एवं हवन के साथ मनाया गया गीता मनीषी ज्ञानानंद का अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। जेल में आयोजित हवन में आहुति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिओ गीता परिवार एवं श्री कृष्ण कृपा परिवार के तत्वावधान में गीता मनीषी ज्ञानानंद के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला कारागार भिवानी में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता जी के पाठ एवं हवन यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें बंदी भाइयों एवं जेल स्टाफ ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भाग लिया। गीता प्रचारक एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महासचिव विनोद कुमार छाबड़ा और उनकी टीम लगातार जेल परिसर में गीता का संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला कारागार के जेल अधीक्षक राय साहब एवं उपाधीक्षक नरेश बुरा सहित समस्त स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाला महान ग्रंथ है। गीता का संदेश व्यक्ति को सत्य, कर्म एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान बंदी भाइयों को सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन और नैतिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। हवन एवं गीता पाठ के माध्यम से जेल परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक हो उठा। उपस्थित लोगों ने विश्व शांति, मानव कल्याण एवं समाज में सद्भावना बनाए रखने की कामना की।

### गीता के आदर्शों को अपनाएं

इस अवसर पर महासचिव विनोद कुमार छाबड़ा, रशीष छाबड़ा, विजय शर्मा, पंडित पवन शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने गीता के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया तथा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में निरंतर भागीदारी निभाने का संदेश दिया।

# श्रीश्याम बाबा भक्तों के संकट करते दूर: विजय

■ बाबा खुशियों के भरते भंडार, मां की तरह करते पालन पोषण : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कथावाचक विजय शास्त्री।

दिनोद गेट स्थित बैंक्वट हॉल में श्रीश्याम पुराण कथा का आयोजन चल रहा हैं। कथावाचक विजय शास्त्री ने कथा वाचन करते हुए बताया कि भीमसेन के पुत्र घटोत्कच भगवान श्रीकृष्ण के आदेश से मणिपुर वर्तमान का असम में जाकर मूर दानव की पुत्री मोरबी से मिले, तब मोरबी एवं घटोत्कच का भयानक युद्ध हुआ और मोरबी शस्त्र एवं शास्त्र दोनों में घटोत्कच से पराजित हुई, तब मोरबी एवं घटोत्कच का विवाह संपन्न हुआ।

कथावाचक शास्त्री ने बताया कि कालांतर में भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से मोरबी एवं घटोत्कच के मिलन से सूर्यवेरचा नाम के गंधर्व, जो राम अवतार त्रेता में अंगद के रूप में अवतरित हुए थे, वही बर्बरीक के रूप में मां मोरबी के गर्भ से अवतरित हुए। उन्होंने बताया कि बर्बरीक आगे चलकर भगवान श्रीकृष्ण के वरदान से श्रीश्याम के रूप में विख्यात हुए। उन्होंने कहा कि श्रीश्याम बाबा अपने भक्तों का पालन-पोषण एक मां की तरह करते हैं, क्योंकि मां अपनी संतान पर कभी भी संकट नहीं आने देती, इसी प्रकार श्रीश्याम बाबा हारे के सहारे हैं, जो भक्त का दुःख तुरंत कर लेते हैं।

### जागरण में गूंजे श्रीश्याम प्यारे के जयकारे

**भिवानी।** छोटी काशी भिवानी एक बार फिर भक्ति के सागर में सराबोर नजर आई। भिवानी के 54 फुटा रोड विद्या नगर में शिवशक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट व श्याम सखी मंडल ने श्रीश्याम बाबा के विशाल संकीर्तन जागरण का आयोजन किया। श्रद्धालुओं के लिए शाम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था और सामूहिकता का प्रतीक बन गई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत ज्योति प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। इस मौके पर खाटू श्याम बाबा का दरबार विशेष रूप से ताजे फूलों से सजाया गया था। अखंड ज्योति के दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता देर रात तक लगा रहा। इस दौरान भिवानी की भजन मंडली श्याम जगत मंडल के ट्रस्टी पीयूष गोयल, रामोतार व गायक रामपाल फौजी ने हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर पूरा पंडाल झूम उठा।

# गणना कार्य में कोताही बरतने पर शिक्षक पर हुआ मुकदमा दर्ज

■ गणना कार्य में कोताही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कानून कारवाई : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जनगणना कार्य में कोताही बरतने और कारण पूछे जाने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर चार्ज ऑफिसर तहसीलदार की शिकायत पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी खेड़ा से शिक्षक सतीश कुमार के खिलाफ थाना सदर भिवानी में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता ने चेतावनी देते हुए कहा है कि गणना कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के तहत एक मई से घर घर जाकर मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में गणना प्रगणक और सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। इनकी निगरानी के लिए चार्ज ऑफिसर भी नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारियों को गणना कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी खेड़ा से शिक्षक सतीश कुमार द्वारा अपना कार्य शुरू नहीं किया गया, वहीं दूसरी ओर उनकी सुपरवाइजर रितु द्वारा कारण जानने पर उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। रितु ने अपने चार्ज ऑफिसर तहसीलदार को बताया कि परगणक सतीश कुमार द्वारा बार-बार कहने के बावजूद भी वह गणना का कार्य शुरू नहीं कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शराब पीकर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। इसी के चलते शिक्षक सतीश कुमार के खिलाफ दर्ज करवाई गई। वहीं डीसी साहिल गुप्ता ने गणना कार्य में लगे प्रगणको और सुपरवाइजर को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे अपना कार्य गंभीरता से करें।

## समाधान शिविर में सीटीएम अनिल कुमार ने सुनीं जनसमस्याएं

**भिवानी।** सीटीएम अनिल कुमार ने लघु सचिवालय के डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

■ शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने बारे मांग रखी

सीटीएम के समक्ष गैर सरकारी सदस्य नरेंद्र ग्रेवाल ने खेतों में आंधी से गिरे पेड़ों के बेचने पर वन विभाग द्वारा लगाया गया जुर्माना हटवाने बारे, गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने बारे, सुनील फौजी ने दिनोद रोड़ पर बने अवैध ब्रेकर हटवाने, विनोद ने खेत में नाली बनवाने, बवानी खेड़ा निवासी अजय ने दुकान में आगजनी पर मुआवजा दिलवाने, किरण व सरिता ने विधवा पेंशन व बीपीएल कार्ड बनवाने, बलबीर ने जमिनी विवाद पर पुलिस कार्यवाही करवाने, संदीप ने खरक कला से गेहूं का उठान करवाने, शकुंतला ने पेयजल संबंधित, विनोद ने फसल खराबा मुआवजा दिलवाने, बापोड़ा निवासी हरि सिंह ने पत्नी की बुढ़ापा पेंशन बनवाने की शिकायत रखी।

# शिकायतों पर कार्यवाही में न करें देरी:डीसी

■ जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखीदादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते उपायुक्त।

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित हाल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय में समस्याओं के निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन, परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करवाने बारे,बिजली कनेक्शन, अवैध कब्जे से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि उनका निवारण करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शिकायत पोर्टल की समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की जाती है। पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें और उनके समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

### माफी मांगनी चाहिए

उपायुक्त ने विभागों को निर्देश दिए कि विभागों के नोडल अधिकारी शिकायतों के समाधान के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। अधिकारी प्रतिदिन अपना पोर्टल चेक करें ताकि कोई भी नई शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सीटीएम डा सुभाष चन्द्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पोर्टल की शिकायतों का त्वरित समाधान करें

■ उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखीदादरी। समाधान शिविर व सीएम विंडो पर मिली शिकायतों की समीक्षा। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय हाल में सोमवार को समाधान शिविर, सीएम विंडो और जन-संवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने की। इस दौरान बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का तय समय में निपटान करने के सख्त निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडो मुख्यमंत्री की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसकी समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की जाती है। जल्द से जल्द शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारी निपटारा करके पोर्टल पर एटीआर अपलोड करें। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे इन पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को पूरी गंभीरता से लें और उनके समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। विभागों के नोडल अधिकारी शिकायतों के समाधान के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। अधिकारी प्रतिदिन अपना पोर्टल चेक करें।

### प्राथमिकता के आधार करें शिकायतों का समाधान

उपायुक्त ने कहा कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शून्य सहनशीलता के तहत जन शिकायतों के निवारण में देरी या कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा। उन्होंने विभाग वाइज क्रमबद्ध तरीके से शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े इन मामलों को लंबे समय तक लंबित न रखा जाए। इस दौरान सीटीएम डा सुभाष चन्द्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी युवाओं के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण की सशक्त संस्था: कर्नल रितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल




बहल। आयोजित शिविर में कैडेटस का पंजीकरण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बीआरसीएम विद्याग्राम परिसर में 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन भिवानी के तत्वावधान में 10 दिवसीय एटीसी 164 एनसीसी कैंप का शुभारंभ हुआ। शिविर 11 मई से 20 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स भाग लेकर सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों में सहभागिता करेंगे। शिविर शुभारंभ पर कैंप परिसर में देशभक्ति, उत्साह और अनुशासन का प्रेरणादायी वातावरण रहा। सोमवार को बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज एवं विद्याग्राम परिसर में शुरू हुए कैंप का संचालन कैंप कमांडेंट कर्नल रितेश रंजन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल एंटोनी हेनरी सेल्वम द्वारा कैंप की व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है।

### राष्ट्रीय सेवा के महत्व को समझने का उत्कृष्ट अवसर

कैंप कमांडेंट कर्नल रितेश रंजन ने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण की सशक्त संस्था है। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि यह कैंप नई मित्रता बनाने, नए अनुभव प्राप्त करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय सेवा के महत्व को समझने का उत्कृष्ट अवसर है।

## अरुण यादव ने 38 की उम्र में पेश की मिसाल

# 2 घंटे में 21.1 किमी की दौड़ साहोथॉन पूरी की

एक घंटा शरीर को व्यायाम के लिए दे तो हो सकता है स्वस्थ समाज का निर्माण: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। साहोथॉन दौड़ पूरी करने के बाद मैडल दिखाते अरूण यादव।

आज के दौर में 38 वर्ष की आयु पार करते ही लोग करियर, परिवार एवं काम-काज की व्यस्तताओं को ढाल बनाकर अपने स्वास्थ्य एवं व्यायाम को नजरअंदाज करने लगते है, वहीं भिवानी के अरूण यादव ने युवाओं के सामने अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प की नई परिभाषा लिखी है। वीरवान पाना अहीरान गली निवासी एवं इंद्राज गार्डन के संचालक अरुण यादव ने देश की राजधानी दिल्ली में हुई 21.1 किलोमीटर की कठिन हाफ मैराथन दौड़ को 2 घंटे लगातार दौड़कर सफलतापूर्वक पूरा किया और जिले का नाम रोशन किया है। 38 वर्ष की आयु में अरूण की उपलब्धि ने युवाओं के लिए चुनौती पेश की है जो व्यायाम के लिए समय न होने का बहाना बनाते हैं।

### नौ वर्षीय बेटे को खेल गतिविधियों से जोड़ा

अरूण यादव स्वास्थ्य को लेकर इतने सचेत है कि उन्होंने अपने नौ वर्षीय मृत्युंजय को भी खेल गतिविधि से जोड़े रखा हुआ है, जो चार वर्षो से जिम्नास्टिक का अभ्यास करते हैं और अंडर-11 आयुवर्ग में अपने स्कूल की तरफ से खेल चुके है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में वाईस ऑफ कांस्टीट्यूशन ने दूसरी साहोथॉन दौड़ का आयोजन करवाया, जिसमें देशभर से हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा 21.1 किलोमीटर की दौड़ लगाई, जिसमें खेल नगरी भिवानी से एकमात्र अरूण यादव ने प्रतिभागिता की तथा साहोथॉन दौड़ को पूरा किया। अरूण यादव ने कहा कि युवा नशे और गलत आदतों की ओर आकर्षित हैं या फिर मोबाइल तक सीमित होकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि हम 24 घंटों में से एक घंटा भी अपने शरीर को व्यायाम के लिए दें तो स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता हैं। अरूण यादव की उपलब्धि पर जिलेभर में खुशी का माहौल हैं।

## एआईकेकेएमएस ने किसानों के धरने को दिया समर्थन

**तोशाम।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने तोशाम बाईपास मार्ग पर जबरदस्ती किसानो की जमीन अधिग्रहण के खिलाफ चल रहे किसानों के धरने को सोमवार को समर्थन दिया और धरना स्थल पर मंडी में बायोमेट्रिक कानून का विरोध करते हुए सरकार से मांग रखी की इस कानून को जल्द से जल्द रद्द किया जाए अन्यथा किसान मोर्चा बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। धरना स्थल पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह कटारिया ने प्रस्ताव रखा कि प्राइवेट बस मालिक बुजुर्गों के साथ सरकारी कानून सीनियर सिटीजन को नहीं मानते। वह महिलाओं व बुजुर्गों और छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं।

# प्रशासन न्याय नहीं दिलाता तो जनता करेगी आशियाने की व्यवस्था: फौजी

■ पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी बोले पीड़ितों को नहीं पता था कि यहां से उन्हें हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि बवानीखेड़ा में पीड़ित परिवार को ये पता नहीं था कि यहां से हटाए जाएंगे। अगर उनको यह जानकारी होती तो वे भी अपने कागजात तैयार करवा लेते। कस्बे में अनेक जगहों पर इस तरह के प्लाटों की कागजात बन चुके , उनकी जमाबंदी भी हो चुकी है रजिस्ट्री भी ले चुके है। इस मामले में सरकार चारों तरफ से घिर चुकी है। कांग्रेस टाइम में ये जगह स्टेडियम के लिए दिखाई गई थी, लेकिन उस वक्त 33 केवी लाइन होने की वजह से स्टेडियम नहीं बन पाया। उस समय गरीब आदमियों को इन चीजों की जानकारी नहीं थी।

### पीड़ितों को आशियान उपलब्ध करवाएं

फौजी ने कहा कि बवानीखेड़ा में महिला कॉलेज, बस स्टेंड को सामान्य रूप, सामान्य अस्पताल का विस्तार, हांसी रोड परदूसरा वाटर वर्क्स का निर्माण, हांसी रोड पर पीटीपी प्लांट, सीवरेज की व्यवस्था, मंडी में शैड व डिवलोमेंट करवाना, हुडा का डिवलोपमेंट करवाना, 24 घंटे बिजली दिलाना आदि शामिल है। ये सभी कार्य उनके कार्यकाल में हुए। जमालपुर रोड पर हरर्बल पार्क प्रस्तावित था जो कि हर्बल पार्क 2014 बनना था,लेकिन पार्क निर्माण कार्य पूरा नहीं करवा सके। आज आम आदमी यह चाह रहा है कि उसकी खुद की तो इच्छा रहे, लेकिन उसने जो संभावित छते डाली हुई थी। वे भी तुड़वा कर जमीन पर ढहा दी। लेकिन उसके बेरोजगार बच्चे बारिश के वक्त सडकों पर बैठे देखे गए,जिनमें एक लड़की जो कि छह माह पहले ही जन्मी थी। उन्होंने सरकार से मांग की उनको रहने की लिए यही पर आशियान उपलब्ध करवाया जाए। अगर नगरपालिका या प्रशासन इस बारे में असहमति जताता है तो इसमें पूरा बवानीखेड़ा हलका आकर उनके लिए रहने की व्यवस्था करेगा। उनका ये आंदोलन जब तक जारी रहेगा। तब तक पीड़ित परिवार को मुआवजा व आशियान उपलब्ध नहीं करवा या जाता है। इस दौरान उनके साथ अनेक समर्थक मौजूद थे।

### जोगीवाला मंदिर में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम

# सोमनाथ मंदिर भारत की संस्कृति व स्वाभिमान का प्रतीक : श्रुति चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**डीसी साहिल गुप्ता ने किया मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी सहित सभी मेहमानों को सम्मानित**

सोमनाथ मंदिर विरासत के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिव नगर कॉलोनी स्थित जोगीवाला मंदिर में भव्य जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ तथा बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने जोगीवाला मंदिर में वेद मंत्रोच्चारण के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। कार्यक्रम के दौरान सुबह-सुबह सैकड़ों महिलाओं ने मूलचंद मंदिर से जोगीवाला मंदिर तक कलश यात्रा निकाली, जो कि महंत वेदनाथ के सानिध्य में संपन्न हुई।




भिवानी। सोमनाथ मंदिर विरासत के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री व विधायक व शहर में क्लशयात्रा निकालती महिलाएं।

#### संस्कृति और विरासत को बचाना जरूरी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति और विरासत से जुड़ने का आह्वान किया। बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और विरासत को बचाए रखना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में धार्मिक और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान मूलचंद मंदिर से जोगीवाला मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर महंतों व प्रबुद्धजनों ने शिव महिमा पर प्रकाश डालते हुए धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व को बताया।

कार्यक्रम में डीसी साहिल गुप्ता और एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का और कुरुक्षेत्र से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की प्राचीन संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भारत की अटूट सांस्कृतिक चेतना और गौरव का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर विरासत की 75वीं वर्षगांठ को पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजन समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी नजर से देखती है।

#### किया जलाभिषेक

कार्यक्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर के महंत वेदनाथ ने मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक करवाया। महंत वेदनाथ ने इस प्राचीन जोगीवाला मंदिर की विशेषता और प्रगाढ़ आस्था के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डीसी साहिल गुप्ता ने मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी सहित सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

#### कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बनी सोमनाथ मंदिर की महत्ता पर लगाई गई प्रदर्शनी

कार्यक्रम के दौरान सोमनाथ मंदिर की महत्ता पर प्रदर्शनी लगाई गई, जो कि आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों के साथ-साथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए श्रद्धालुओं ने बड़ी उत्सुकता के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली ने भगवान शिव महिमा पर जोरदार प्रस्तुति दी।

## सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में सबसे प्रमुख : धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। भगवान शिव पर जलाभिषेक करते सांसद धर्मबीर सिंह।

सोमेश्वर महादेव मंदिर शांति एवं शालीनता के साथ जीवन जीने की सीख देता है। सोमनाथ के इस मंदिर को कई बार लूटा गया, लेकिन भगवान की आस्था और लोगों के विश्वास का ही नतीजा है कि मंदिर हर बार दोबारा खड़ा हुआ।

यह साबित करता है कि देश के लोगों पर महादेव का आशीर्वाद है। लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए ये विचार रखे। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर को 12 ज्योतिर्लिंगों में सबसे प्रथम माना जाता है और इसका इतिहास अत्यंत गौरवशाली होने के साथ-साथ संघर्षपूर्ण भी रहा है। सांसद ने कहा कि 2014 के बाद से सरकार पूरे देश में आस्था केंद्र सभी मंदिरों के जीर्णोद्धार में लगी हुई है। दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने कहा कि जितनी बार भी सोमनाथ मंदिर को तोड़ा गया, उतनी ही बार हिंदू राजाओं ने इसका जीर्णोद्धार करवाया। यह मंदिर भारतीय संस्कृति की पहचान है।

## भारतीय चेतना, संघर्ष और विजय का जीवंत प्रतीक सोमनाथ मंदिर : जय सिंह वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारत की सांस्कृतिक एकता और अटूट आस्था के प्रतीक सोमनाथ मंदिर की विरासत के 75 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर देशभर में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी के जोगीवाला मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का गरिमामय आयोजन किया गया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह वाल्मीकि ने प्रदेश की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के साथ सोमनाथ मंदिर से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना और मंदिर की गौरवशाली विरासत को नमन किया। आयोजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जय सिंह वाल्मीकि ने सोमनाथ मंदिर की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह भारतीय चेतना, संघर्ष और विजय का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारी अटूट धार्मिक भावना और आस्था का केंद्र है। वाल्मीकि ने कहा कि युवा सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ें रहें। इस अवसर पर उनके साथ रामू जेवड़ीवाला, मार्केट कमेटी चेयरमैन मीर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## रोडवेज चालकों को वापस बुलाने की उठाई मांग

- रोडवेज महाप्रबंधक से एक सप्ताह में कर्मियों की समस्याओं के समाधान की मांग, आंदोलन की चेतावनी

**चरखी दादरी।** दादरी स्थित रोडवेज कर्मशाला प्रांगण में सोमवार को हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद पहुंचे तथा अध्यक्षता डिपो प्रधान सुनील फौजी ने की। बैठक में कर्मचारी नेताओं ने फायर बिग्रेड में भेजे रोडवेज ड्राईवरों को वापस बुलाने की मांग उठाई। इस दौरान चरखी दादरी डिपो में बाऊंड हैल्पर्स को पक्का करने की मांग भी जोर-शोर से उठाई। उन्होंने 24 मई को अंबाला में परिवहन मंत्री के आवास पर होने वाले मास डेपुटेशन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। सकसं राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने कहा कि दादरी डिपो में कर्मचारियों की अनेक समस्याएं है, दादरी डिपो से बस चालकों को फायर बिग्रेड में भेजा हुआ है, जिसका असर रूटों पर बसों के संचालन पर पड़ रहा है। वहीं बस चालकों को फायर बिग्रेड का कोई अनुभव नहीं है। बड़ी संख्या में रोडवेज चालक नहीं होने से यात्रियों को वांछित सुविधाएं नहीं मिल रही है।

## प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए कैडेट्स

- बीआरसी एम कॉलेज बहल में दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी द्वारा बीआरसी एम कॉलेज बहल में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एण्टोनी हेनरी सेल्वम के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

कैम्प में रवाना करते हुए डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल स्कूल की प्राचार्या जगदीप कौर कहा कि एनसीसी एक संगठित एवं अनुशासित संगठन है, जो राष्ट्र के नवनिर्माण हेतु संकल्पबद्ध है। एनसीसी युवाओं का चरित्र निर्माण कर उनमें आपसी सहयोग, सद्भाव, सामंजस्य की भावना को विकसित करने में मदद करती है।



भिवानी। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित कैडेटस व अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### 23 लड़के और 6 लड़कियां ले रहे भाग

प्राचार्या जगदीप कौर ने कैडेट्स को कैंप में अच्छा प्रदर्शन करने करने के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फर्स्ट आफिसर राजेश कुमार ने एनसीसी कैडट्स को बताया कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल के 23 लड़के और 6 लड़कियाँ भाग लेगें। सभी एनसीसी कैड्ट्स इस कैम्प में ड्रील, वैपन, मैप रिडिंग, फायरिंग, स्पोंटस प्रशिक्षण के साथ-साथ बेस्ट कैड्ट्स, प्रश्नोत्तरी व रस्साकसी, पोस्टर मेकिंग आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कैडेट्स को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए एनसीसी प्रशिक्षण के सभी पहलुओं को सीखने की आवश्यकता पर बल देना है।

## बौद्धिक विकास के लिए प्रतियोगिताएं जरूरी: सोनिका

- श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

मेरा युवा भारत, भिवानी के जिला युवा अधिकारी मानसा एवं लेखा और कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र सैनी के मार्गदर्शन में श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा (भिवानी) में राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सोनिका ढींगरा उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं के बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।




बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री वमावि में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजन। फोटो: हरिभूमि

#### 51 छात्रों ने लिया भाग

कार्यक्रम में दीपक , विक्रम कोच तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मोहित ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 51 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में याशिका रंगा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को टी-शर्ट, डायरी, पेन एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर संस्थानों से एमओयू साइन

- चौधरी बंसीलाल राजकीय कॉलेज प्रशासन ने निशु कम्प्यूटर सेंटर और शहीद भगत सिंह कम्प्यूटर साक्षरता मिशन के साथ किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से लागू करने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ने की दिशा में चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय प्रशासन ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की अनिवार्य इंटर्नशिप को ध्यान में रखते हुए दो प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। प्राचार्य डॉ. मुकेश ने बताया कि एचकेसीएल द्वारा अधिकृत निशु कम्प्यूटर सेंटर और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत पंजीकृत सिंघानी के शहीद भगत सिंह कम्प्यूटर साक्षरता मिशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के माध्यम से विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समझौता से विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जो भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी कार्यक्रमों, डिजिटल प्रशिक्षण एवं कौशल विकास गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल पुस्तक आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल, अनुभव एवं रोजगारोन्मुख दक्षताओं से सशक्त बनाना है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है।



लोहारू। चौधरी बंसीलाल कॉलेज में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल। फोटो: हरिभूमि



## मोबाइल के दुष्प्रभावों के प्रति निकाली जागरूकता रैली

**लोहारू।** मदर्स डे पर आदर्श प्ले स्कूल में विद्यार्थियों की माताओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाईं। इस दौरान बिना अग्नि के कूकिंग, नृत्य प्रतियोगिता और बौद्धिक क्षमता प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्कूल निदेशक जितेंद्र जांगड़ा ने कहा कि माता केवल जन्मदाता ही नहीं बल्कि बच्चे की प्रथम अध्यापक भी होती है। बच्चा जन्म के बाद सबसे अधिक मां से ही सीखता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने मोबाइल के दुरुपयोग बताते हुए शहर में जनचेतना रैली निकाली। पिछले दिनों भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने मोबाइल के दुष्प्रभावों के संदर्भ में वार्षिक समारोह में बच्चों को मोबाइल से दूर रहने का संदेश दिया थाद्य। उसी के तहत भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोड़का, राजेश चहड़िया और पार्षद रामसिंह कटारिया नें रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



बाढ़ड़ा। गांव भांडवा में स्मार्ट मीटर का विरोध करते किसान।

## ट्यूबवेलों पर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना पर भड़की भाकियू

- जल्द राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन
- भाकियू ने भांडवा व खोरड़ा में स्मार्ट मीटरों के बहिष्कार को चलाया हस्ताक्षर अभियान चलाया

**बाढ़ड़ा।** भाकियू ने प्रदेश के कृषि क्षेत्र के ट्यूबवेलों पर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना के विरोध में भांडवा व खोरड़ा में हस्ताक्षर अभियान चलाकर किसानों का समर्थन प्राप्त किया। भाकियू की ग्राम स्तर पर कमेटी गठित कर अलग अलग पंचायतों के रोष प्रदर्शन प्रस्ताव तैयार कर राज्यपाल को भेजेगी। भाकियू को प्रत्येक गांव में किसानों का उत्साहपूर्वक समर्थन मिल रहा है। भाकियू जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में गठित कमेटी सदस्यों ने गांव भांडवा, खोरड़ा, बाढड़ा में पहुंच कर किसानों से मुलाकात कर उनको स्मार्ट मीटर के नाम पर किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष हरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के बिजली विभाग द्वारा आधुनिक व्यवस्था के नाम पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया। ट्यूबवेलों पर लैट सिस्टम से बिल वसूली की जाती है लेकिन सरकार अब स्मार्ट मीटर लगाने की योजना लागू कर किसानों का शोषण करने का प्रयास कर रही है जो असहनीय है। महासचिव राधेश्याम शर्मा ने कहा कि सरकार अब राजस्थान की तर्ज पर ट्यूबवेलों के बिलों में अनाप शनाप वृद्धि करने की कृषि व किसान विरोधी फैसला लागू कर रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### भिवानी में गौपूजन के साथ मुंहखुर व गलघोटू का टीकाकरण अभियान शुरू

# जिलेभर में दो लाख अस्सी हजार पशुओं को लगाए जाएंगे टीके, एक महीने चलेगा अभियान

- किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा मुंहखुर व गलघोटू का संयुक्त वैक्सीनेशन : मोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेमसिंह के दिशा-निर्देशों पर 11 मई से 11 जून एक माह तक मुंहखुर व गलघोटू का संयुक्त टीकाकरण अभियान प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जिलेभर में टीकाकरण अभियान का शुभारंभ भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने महम रोड गौशाला में गौपूजन के साथ किया। मोहित चौधरी ने कहा कि मुंहखुर व गलघोटू बीमारी का टीकाकरण किसानों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पहले गांवों में बीमारी फैलने से गांव पशु रहित हो जाते थे, लेकिन पशुपालन विभाग की अथक मेहनत से घर-घर जाकर टीकाकरण होने से अब हरियाणा के पशु स्वस्थ है।



#### बुखार आए तो गोली दें

डॉ. राजेश जाखड़ ने कहा कि जिले में एक लाख चार हजार गायों व एक लाख 75 हजार भैंसों को टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण पूरी तरह से सुरक्षित है, टीकाकरण से न गर्भपात होता है और न ही दूध में कमी आती है। टीकाकरण के बाद पशु को बुखार आए तो उसे दो-तीन दिन बुखार की गोली दें और दो-तीन दिन गुड़ खिलाएं, इससे दूध भी नहीं घटेगा। डॉ. विजय सनसनवाल ने बताया कि पशु चिकित्सालय गौशाला में डॉ. रविंद्र सहरावत व डॉ. राजेश जाखड़ ने स्टोर की गई मुंहखुर व गलघोटू की वैक्सीन का तापमान भी जांचा और ये वैक्सीन 2 से 8 डिग्री तापमान पर रखी जाती है। इस मौके पर वीएलडीए कुसुम, ऋतु, मोहनलाल बलेश्रा, डॉ. अश्विनी लांबा, कमल प्रसाद अग्रवाल, विजय गोयल, धर्मपाल, राजेंद्र वर्मा, जोगेंद्र्र, राजकुमार, धर्मबीर, निखिल व राहुल आदि मौजूद रहे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926